## एक नजर में

### आज मनाया जाएगा नंद महोत्सव

**बैतूल।** श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के तत्वावधान में श्री राधा कृष्ण मंदिर गोकुलधाम पटेल वार्ड सदर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से प्रारंभ हो गया है। अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर अखंड रामायण पाठ, आज शनिवार को हवन पूजन, रात्रि 12 बजे जन्म महोत्सव 17 अगस्त को नंद महोत्सव मनाया जाएगा। करन यादव ने बताया कि साथ ही भव्य शोभा यात्रा सुबह 11 बजे मंदिर से निकलेगी जो पशु बाजार में संपन्न होगी। अंगद यादव शाम 5 बजे पशु बाजार में मटकी फोड़ का आयोजन किया जाएगा। रविश यादव ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### गोपाल तलाई हनुमान मंदिर से 11 किलो पीतल का घंटा चोरी

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम गोपाल तलाई स्थित हनुमान मंदिर से अज्ञात चोर ने 11 किलो पीतल घंटा चोरी कर लिय। ग्रामीणों ने जन सहयोग से मंदिर में यह लगवाया था। बताया जाता है 16 अगस्त की सुबह जब ग्रामीण हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए पहुचे तो उन्हें मंदिर में लगा पीतल का घंटा दिखाई नहीं दिया। इसके पहले 15 अगस्त की शाम तक मंदिर में घंटा लगा हुआ था। जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है की 15 अगस्त की रात में है चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर घंटे की चैन काटी और घंटा चोरी कर ले गए। शनिवार की दोपहर ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत की है। ग्रामीण योगेश बारस्कार, कृष्णा झरबडे सहित ग्रामीणों ने बताया यह घंटा मंदिर की शान था। घंटा चोरी होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस से घंटा चोरी करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग की है।

### बच्चे बने राधा-कृष्ण परिसर बना मथुरा वृंदावन

**बैतूल।** जन्माष्टमी पर्व पर श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का सजीव चित्रण सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में किया गया । विद्यालय परिसर में श्री कृष्ण-राधिका के स्वरूप धारण कर बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे। परिसर मथुरा-वृन्दावन के रूप में दिखाई दे रहा था। यहां भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं को सजीवता को झांकियों के माध्यम से पूर्ण प्रदर्शित किया गया। कहीं राधा-कृष्ण गोपियों के साथ रास रचाते हुए दिखाई दे रहे थे तो कहीं श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा था। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों द्वारा कारागार में श्री कृष्ण जन्म, प्रहरी मूर्छा, वासुदेव जी का बाल कृष्ण को टोकरी में शेष नाग की छत्रछाया में यमुना पार करते, व नंदलाल जी के घर उत्सव को दर्शाया गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पकड़ाया

**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने 17 वर्षीय छात्रा का अपहरण कर उसे बैतूल ले गया। वहां उसने छात्रा को एक दिन तक अपने कमरे में रखा और दुष्कर्म किया। पीड़िता के माता-पिता ने जब थाने में शिकायत दर्ज कराई, तो पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बैतूल से छात्रा को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री पटेल ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 अगस्त. देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह शुक्रवार को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।**

**हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस**

**मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ लाइव प्रसारण**





समारोह के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। आकर्षक परेड प्रस्तुति के बाद उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश वाचन को बड़ी एलईडी के माध्यम से देखा व सुना गया। सभी ने पूरे मनोयोग से मुख्यमंत्री जी के संदेश को देखा और सुना। स्वतंत्रता दिवस का यह पर्व पूरे जिले में देशभक्ति, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा भी ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों के आयोजन किए गए।

जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जिले के सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश का जो रोडमैप बनाया है, उससे निश्चित ही प्रदेश प्रगति का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य साकार करने के लिए विकसित जिले की संकल्पना और योजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जिले की अपनी क्षमताएं, आकांक्षाएं, अवसर और चुनौतियां हैं। यही हमारे जिले को विशेष बनाती हैं। पवित्र ताप्ती नदी के उद्गम स्थल और समृद्ध आदिवासी संस्कृति की धरोहर को संजोए हुए हमारा जिला बैतूल पिछले एक वर्ष में विकास के नए आयाम स्थापित करने में सफल रहा है। जनभागीदारी, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता के संयुक्त प्रयासों से हमने सभी क्षेत्रों में न केवल लक्ष्य प्राप्त किए हैं, बल्कि नई मिसालें भी स्थापित की हैं।

**विद्यार्थियों ने नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति :** सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल सदर के विद्यार्थियों ने देश मेरा रंगीला गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा विद्यार्थियों ने राजस्थानी के कालबेड़ियां, महाराष्ट्र के लावणी, पंजाब के भंगडा, मप्र के गोंडी, असम बिहु, हरियाणा के हरियाणवी गीत पर भी प्रस्तुति दी। द मानसरोवर स्कूल बडोरा के विद्यार्थियों ने ओ माय मेरे देश की आजादी का सवेरा लाने का रोशन सा ख्वाब सजाये गीत के बोल पर तथा सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा के विद्यार्थियों ने ये तो कश्मीर है इसकी फिजा का क्या कहना, देश दुल्हन है ऑपरेशन सिंदूर को दर्शाता है, माई तेरी मिट्टी बुलाए हम तिरंगा ओढ़ कर आए गीत के बोल पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा के विद्यार्थियों ने आज सिंह गरजेगा, मैंने लगाया बसंती रंग गीत के बोल पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

**विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत :** मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी ने विधायक आमला डॉ.योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया के साथ इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों तथा शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा बैतूल ने प्रथम स्थान, मानसरोवर स्कूल बडोरा ने द्वितीय स्थान तथा आरडी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

**देहदान करने पर परिजनों को किया सम्मानित :** कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने स्व. ललित कुमार जैन के मरणोपरांत उनके पुत्र विवेक जैन द्वारा उनके पिता की देह को मानव परोपकार के लिए चिकित्सकीय अनुसंधान के लिए मेडिकल कॉलेज को देहदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार स्व. सूरत लाल सरले के मरणोपरांत उनके पुत्र ओमप्रकाश सरले द्वारा उनके पिता की देह को मानव परोपकार के लिए चिकित्सकीय अनुसंधान के लिए मेडिकल कॉलेज को देहदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में बैतूल अग्रणी


बैतूल जिला राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अग्रणी जिलों में सम्मिलित है। आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत 12 लाख 9 हजार से अधिक पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाकर 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त किया है। राष्ट्रीय टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में 554 में से 219 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई और हमें राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है। सिकल सेल स्क्रीनिंग में करीबन 6 लाख 80 हज़ार लोगों की जांच की गई है। इसके अलावा जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 2 लाख 65 हजार किसानों को कुल 1 हजार 579 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित हुई। वर्ष 2024-25 में आयोजित राजस्व महाभियान में 79 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर राजस्व कार्यों को गतिशीलता प्रदान की गई है।

### प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने वन विभाग की योजनाओं के साथ-साथ सौंपे गए अन्य दायित्वों का निर्वहन करने पर वन मंडल अधिकारी श्री नवीन गर्ग, निर्वाचन एवं नजूल पत्तों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने पर संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद, ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर का जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर प्रदेश में बैतूल जिले की प्रथम स्थिति आने पर जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र अधिकारी श्रीमती रचना श्रीवास्तव, सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत वर्ष-2025 में सर्वाधिक पूर्ण शिकायतों का निराकरण करने पर प्रबंधक कुमारी नीता निगम, अपने पदीय कर्तव्यों का उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य संपादन के लिए जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री रोमित उइके, लेबर रूम में सर्विस क्वालिटी बेहतर प्रोवाइड करने एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण प्राप्त करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमला, जिले की 219 ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त होने राज्य स्तर पर मध्य प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के सराहनीय कार्य करने पर जिला क्षय अधिकारी डॉ .आनंद मालवीय को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने पदीय दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन करने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के भृत्य नारायण खवादे और सीताराम बारस्कर, शिक्षा विभाग के भृत्य बलिराम दहीकर, तहसील कार्यालय चिचोली के भृत्य जितेंद्र झरबडे, तहसील कार्यालय घोड़ाडोंगरी के भृत्य रवि पवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अंडरब्रिज में भरा पानी, आने-जाने वाले राहगीर परेशान

**मुलताई।** परमण्डल ग्राम में बने रेलवे अंडरब्रिज से आने जाने वाले सैकड़ों ग्रामीण बारिश में परेशान होतें है। कम बारिश में ही 4 फुट तक पानी भर जाता है। जिसके कारण यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। बारिश अगर तेज हो गई तो बडी दुर्घटना भी हो सकती है। रेलवे द्वारा इसे जनता की सुविधा के लिये निर्माण किया गया है, लेकिन यह परेशानी बन गया। ग्रामीणों की मांग है कि इसे जल्द से जल्द दुरुस्त करवाया जावे, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जावेगा।



## उप जेल में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**मुलताई।** नगर के उप जेल में शनिवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्माष्टमी का पर्व बड़े भक्ति भाव से से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार,नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, गणेश साहू , कीर्ति यादव, पार्षद,रितेश विश्वकर्मा, महेंद्र पिल्लू जैन,अजय यादव सहित गायत्री परिवार के उप जोन समन्वय समिति सदस्य सम्पत राव धोटे,तहसील समन्वयक नारायण देशमुख,प्रज्ञा पुराण कथा वाचक धनराज धोटे,चंद्रभान बारस्कर ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने उपजेल में यात्री प्रतीक्षालय बनाने की घोषणा की ।वहीं राजा पवार ने जेल परिसर की रोड बनवाने एवं जेल में कैंटीन खुलवाने की बात कहीं एवं बंदियों को सही राह पर चलकर अध्यात्म को जीवन में उतारने की बात कहीं। गायत्री परिवार के सम्पत राव धोटे,नारायण देशमुख,सहित धनराज धोटे ने भगवान श्री कृष्ण द्वारा कही गीता के उपदेश पर अपने विचार रखे,उन्होंने कहा मनुष्य गलतियों का पुतला है, लेकिन गलती होने पर भगवान सभी को सुधरने का अवसर जरूर देता है अवसर मिलने पर अपने आप को सुधार लेना ही मानव धर्म है।



## भौंरा में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**भौंरा।** स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत भौंरा प्रांगण में विभिन्न स्कूलों की प्रभात फेरी कर झंडा वंदन किया गया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक, सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये। जिसमें क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह ऊईके, सरपंच मीरा धुर्वे, जनपद सदस्य गब्बर नायक, उप सरपंच रिंकू सिरोठिया, राजेंद्र सिरोठिया, जयकिशोर मिश्रा, उत्तम वर्मा, कृष्णकांत मालवीय, सुनील राठौर, सुरेश राठौड़, अशोक जायसवाल आदि नागरिकों ने सेना से सेवानिवृत हुए सैनिक श्रीराम किशोर कासदे का शाल श्रीफल से सम्मान किया।



## निलय डागा बने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

**बैतूल। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली द्वारा आज मध्य प्रदेश के 22 जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है।**

**जिले के कांग्रेसियों में खुशी की लहर**

**जानकारी मिलते ही शुरू हुआ बधाइयों का दौर**



जिसमें बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के लिए बैतूल के पूर्व विधायक निलय विनोद डागा की नियुक्ति की गई है । बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष के रूप में श्री डागा की नियुक्ति की खबर लगते ही जिले भर में कांग्रेसियों के बीच खुशियों की लहर दौड़ गई है। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से मध्यप्रदेश के 22 कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा हुई है। जिसमे बैतूल बैतूल के पूर्व विधायक निलय डागा को बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाया है। श्री डागा के कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलते ही श्री डागा को जिले भर से कांग्रेसियों की बधाइयां देने की सिलसिला शुरू हो गई है। बता दे कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष को लेकर पिछले कई दिनों से जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म था और सभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर इंतजार कर रहे थे।

## बिजली संकट और स्मार्ट मीटर के विरोध में युवक कांग्रेस का प्रदर्शन

**सारनी।** शहर में लगातार हो रही अनियंत्रित बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में ब्लॉक युवक कांग्रेस कमेटी सारनी ने सहायक अभियंता, म.प्र.वि.वि.कं.लि. को ज्ञापन सौंपा। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र वाडिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन में कहा गया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में प्रतिदिन घंटों बिजली गुल रहने से आमजन त्राहिमाम कर रहे हैं। बिजली विस्तारीकरण के समय ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर घटिया निर्माण कार्य किया गया, जिसके कारण मात्र 2 वर्षों में ही ट्रांसफार्मर और तारों में लगातार फॉल्ट होने लगे हैं। कई वार्डों में मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना दो घंटे लगभग बिजली बंद की जा रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लगातार फाल्ट होने की वजह से कई बार बिजली के मीटर राइडिंग में भी बढ़ोतरी जबरदस्ती हो रही है जिससे कि आमजन में कई लोगों बिल ज्यादा भी आ रहा है। जरूरत से ज्यादा बिल का भुगतान करना पड़ रहा है मजदूर वर्ग के लोग परेशान हो रहे हैं। युवक कांग्रेस ने उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि बिजली विस्तारीकरण का कार्य सुरक्षित और मानकों के अनुरूप पुनः कराया जाए, तभी समस्या का स्थायी समाधान संभव है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि न्यायालय के आदेशानुसार प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक है, फिर भी सारनी में इन्हें लगाया जा रहा है, जिससे जनता में गहरा आक्रोश है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि बिजली कटौती पर तत्काल नियंत्रण किया जाए, पुराने मीटर पुनः लगाए जाएं और फॉल्टी लाइनों को ठीक किया जाए। युवक कांग्रेस ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगा।



**कार्यक्रम** कुशाभाऊ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद

## ठाकरे जी ने हजारों कार्यकर्ताओं को गढ़ा : हेमंत खंडलवाल

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खेड़ीसांवलीगढ़ ग्रामीण मंडल में बूथ भारत भारती क्रमांक 32 एवं गंज मंडल के बूथ क्रमांक 110 जवाहर वार्ड स्थित कुशाभाउ ठाकरे पार्क में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शामिल होकर दोनों पितृपुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर श्री खंडेलवाल ने कहा कि कुशाभाउ ठाकरे अनुशासन प्रिय, सहज,सरल और साईकल पर चलते हुए संगठन को गढने वाले शिल्पी की तरह याद किए जाते है मध्यप्रदेश में जन्में श्री ठाकरे का संगठन के प्रति समर्पण आज के कार्यकर्ताओ के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला है। उन्होने कहा कि ठाकरे जी ने मध्य प्रदेश में भाजपा संगठन के विस्तार और असंख्य कार्यकर्ताओं को गढने का कार्य किया है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि ठाकरे जी एवं अटल जी का योगदान अविस्मरणीय है। उनका महान व्यक्तित्व और व्यक्तित्व हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। अटल जी के महान व्यक्तिव व दूर दृष्टि के चलते भारत शक्तिशाली बनकर उभरा। अब विकसित भारत में भी अटल जी के विचार सरकार का मार्ग प्रशस्त करते है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी, रामलाल रौतेल अध्यक्ष राज्यस्तरीय कोल जन जाति प्राधिकरण, नंदकिशोर पाटिदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मिश्रा, पवन शर्मा, लोकेश साहू, डिकलेश साहू, जवाहर वार्ड के पार्षद विकास प्रधान, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बडी संख्या मौजूद रहे।




### अटल सेना ने मनाई अटल जी की पुण्यतिथि

**बैतूल।** अटल सेना के प्रेरणास्त्रोत, भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि अटल सेना द्वारा रामनगर में मनाई। इस मौके पर सेना के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केंडू बाबा) ने कहा कि अटल जी राजनीति की काली कोठरी से भी बेदाग निकले। अटल जी का सम्मान विपक्षी भी करते थे। केंडू बाबा ने कहा कि अटल जी हमेशा राष्ट्र सर्वोपरि की विचारधारा में यकीन रखते थे। वह एक कुशल शासक के साथ श्रेष्ठ कवि भी थे। अटल जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उल्लेखनीय है कि संगठन विगत 20 वर्षो से यह कार्यक्रम आयोजित करता चला आ रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन भी रखा गया।


नवभारत समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करे।
उमाकांत शर्मा, बैतूल मो . 9424009999

क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग
2 अगस्त से भव्य शुभारंभ
मेला सह प्रदर्शनी
हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट और गृह उपयोगी वस्तुये
EXPO सुनहरा अवसर
एंट्री/पार्किंग फ्री
TIME 10 AM TO 10 PM
30,000 विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे
भव्य प्रदर्शन व बिक्री
महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मिर, नागालैंड, आसाम, छत्तीसगढ़, तामिलनाडू, हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, आंध्रप्रदेश एवं अन्य सभी राज्यों की गृह उपयोगी वस्तु भरपूर स्टॉक में उपलब्ध है।
स्थान न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें
MBA
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Diploma in Pharmacy
(2 Year) (with Bio/Math's)
For Year 2025-26
D फार्मेसी
(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो . 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)